**मुख्य समाचार :–**

- उत्तराखंड के नैनीताल जिले की नगर पंचायत लालकुआं को राष्ट्रीय स्तर पर ''प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर श्रेणी'' में पुरस्कार मिला।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में देश भर से आए शिवभक्त कावंडियों का स्वागत व सम्मान किया।
- प्रदेश के मदरसों में छात्रवृत्ति घोटाले की जांच के आदेश।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

**लालकुआं सर्वेक्षण पुरस्कार**

उत्तराखंड के नैनीताल जिले की नगर पंचायत लालकुआं को राज्य में अपनी श्रेणी में प्रथम पुरस्कार और राष्ट्रीय स्तर पर ''प्रोमिसिंग स्वच्छ शहर श्रेणी'' में पुरस्कार मिला है। अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि ईटीपी, एसटीपी के नियमित संचालन के साथ पर्यावरण संरक्षण और अन्य स्वच्छता से जुड़ी परियोजनाओं को भी सफलतापूर्वक लागू किया गया। यह आयोजन आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा किया गया, जिसमें देशभर से नगर निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए। लालकुआं को यह गौरवपूर्ण सम्मान जनभागीदारी, नवाचार, और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला है।

**कांवड़ियों का स्वागत**

श्रावण मास में आयोजित कांवड़ मेले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के ओम पुल के गंगा घाट पर आयोजित कार्यक्रम में देश भर से आए कावंडियों के पांव धोकर शिवभक्तों का स्वागत व सम्मान किया। इस बीच हैलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की गई। इस दौरान उन्होंने गंगा सभा व भारतीय नदी परिषद के तत्वधान में गंगा तट पर विश्व के सबसे ऊँचे 251 फीट भगवा ध्वज की घोषणा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि शिवभक्त कांवड़ियों का पैर पखार कर उनका आशीर्वाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने सफल आयोजन के लिए हरिद्वार पुलिस सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, एचआरडीए को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जल अर्पित करने मात्र से ही भगवान शिव अपने सभी भक्तों की मनोकामनायें पूरी कर देते है, और श्रावण मास में तो भगवान शिव की भक्ति का प्रभाव अत्यधिक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा न केवल श्रद्धा व आस्था का प्रतीक है बल्कि यह हमें सेवा में पुण्य का भागीदार बनने का भी अवसर देती है। इस वर्ष की अभी तक कांवड यात्रा पर एक करोड़ से अधिक शिव भक्त कांवड़ियों ने अपने–अपने गंतव्य को प्रस्थान कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देवभूमि उत्तराखण्ड में केदारनाथ का नवनिर्माण व बद्रीविशाल का मास्टर प्लान पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरिद्वार धर्मनगरी का भी काशी, अयोध्या की भाँति अपने भव्य स्वरूप में दर्शन हो जाया करेंगें।

**जलाशया में सिल्ट**

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जिन जलाशयों में अधिक मात्रा में सिल्ट जमा हो चुका है व जिससे उसकी धारण क्षमता में अत्यधिक कमी आई है उनके सिल्ट को निकालने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे जलाशयों की धारण क्षमता में वृद्धि हो जाए और उसके डाउनस्ट्रीम में किसी भी तरह के जलभराव की आशंका न रहे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग के जलाशयों में जमा सिल्ट को निकाले जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने सिल्ट निकालने के लिए फॉरेस्ट रिजर्व क्षेत्र के मानक का पालन करते हुए इसके लिए राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की जैसे संस्थान से स्टडी करवाने पर जोर दिया, ताकि सिल्ट निकालने की प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की जा सके।

## भ्रश्टाचार पर कार्यवाही

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सरकारी दायित्वों के निर्वहन में कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कदाचार के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है, इसी क्रम में उत्तराखण्ड पेयजल निगम अध्यक्ष शैलष बगोली ने कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन पर विकास प्रभारी मुख्य अभियंता सुजीत कुमार मूल पद अधीक्षण अभियंता उत्तराखण्ड़ पेयजल निगम हल्द्वानी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। निगम द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप में स्पष्ट किया गया है कि सुजीत कुमार के विरूद्ध एक शिकायत प्राप्त हुई है जिसके आधार पर उनके खिलाफ ये कार्यवाही की गई।

## स्कॉलरशिप धांधली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरस्वती शिशुमंदिर हाई स्कूल को कागजों में अल्पसंख्यक विद्यालय या मदरसा दर्शाकर केंद्रीय सरकार द्वारा पोषित विद्यालयों को दी जाने वाली छात्रवृति दिये जाने के प्रकरण की गहनता से जांच करने के आदेश विशेष सचिव अल्प संख्यक कल्याण विभाग को दिए। मामले की जांच विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते कर रहे हैं। गौरतलब है कि उधम सिंह नगर जिले में 2021–2022 और 2022–2023 के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज किए अल्पसंख्यक छात्रवृति आवेदकों की प्रमाणिकता जांचने के लिए जिले के 796 बच्चों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी। इनमें से 6 मदरसों में पढ़ने वाले 456 बच्चों के बारे में जानकारी संदिग्ध पाई गई है। खास बात ये है कि इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किच्छा का नाम भी शामिल है।

## स्वास्थ्य विभाग

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कार्य किये जाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को जन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा ओनरशिप लेकर कार्य किये जाने और अस्पताल रेफरल सेंटर न बनाए जाने को कहा। ये निर्देश मुख्यमंत्री ने कल सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और अस्पतालों में जन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की अलग से बैठक कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन के माध्यम से सुपर स्पेशलिस्ट को मेडिकल कॉलेज से जोड़ने की व्यवस्था की जा रही ळें

## भ्रश्टाचार / विजिलेंस

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए विजिलेंस को खुली छूट प्रदान की हुई है। इसका असर, साल दर साल बढ़ते विजिलेंस ट्रैप और गिरफ्तारियों की संख्या में रूप में नजर आ रहा है। यही नहीं मजबूत साक्ष्य के आधार विजिलेंस गत साढ़े चार साल में 71 प्रतिशत मामलों में आरोपियों को कोर्ट से सजा दिलाने में कामयाब रही है। गौरतलब है कि बीते चार साल में बड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान विजिलेंस ने कुल 82 ट्रैप में 94 गिरफ्तारियों को अंजाम दिया, जिसमें 13 राजपत्रित अधिकारी शामिल हैं। अब तक 125 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 18 में सामान्य जांच, 25 में खुली जांच की गई। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ठोस साक्ष्य और मजबूत पैरवी से न्यायालय में सजा की दर को भी 71 प्रतिशत तक ले जान में कामयाब रही है।

## अमित भााह दौरा

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के आगामी 19 जुलाई को उधमसिंहनगर जिले के रुद्रपुर प्रस्तावित प्रवास की तैयारियों में सरकार जुटी है। इस संबंध में प्रदेश के कृषि व ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी आज उच्च अधिकारियों और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे साथ ही कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण भी करेंगे।

## एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

कांवड़ मेले में कांवड़ियों के स्वागत की खबर को सभी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान का शीर्षक है– हरिद्वार में कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चरण धोकर और माला पहनाकर कांवडियों का किया स्वागता, प्रदेश की सीमा पर भगवा ध्वज लगाएंगे। इसी खबर पर दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा– श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है कांवड़ मेला।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा–राबर्ट वाड्रा की मुश्किलें बढ़ीं, 43 संपत्तियों को ईडी ने किया अटैच। इसी पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– गुरूग्राम जमीन घोटाले में वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल।